**Regarding atrocities by Police in Alwar district**

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आपका विषय राज्य सरकार से संबंधित है । आप संक्षिप्त में अपना विषय रखिए ।

श्री अमरा राम **(**सीकर**) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश की सरकार ?बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ? का नारा दे रही है । अभी 02 मार्च, 2025 को अलवर जिले के नौगांव क्षेत्र के रघुनाथगढ़-तेलियाबास गांव में इमरान के घर में पुलिस सुबह छः बजे प्रवेश करती है । जबकि आज तक उसके परिवार के किसी सदस्य पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं है । पुलिस उसके घर का दरवाजा फांदकर अंदर घुसती है । उसकी पत्नी घर का दरवाजा खोलती है ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, यह राज्य का विषय है । इसको राज्य में रखिए ।

श्री अमरा राम **:** महोदया, राज्य का विषय तो है, लेकिन वहां केन्द्र की पार्टी की सरकार है । सरकार ?बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ? की बात करती है, लेकिन इस तरह से एक सवा साल की नवजात बच्ची को पैरों से कुचल दिया जाता है ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप यह विषय विधान सभा में उठवाइए । यह विधान सभा का विषय है ।

श्री अमरा राम **:** महोदया, वही पुलिस उस घटना की जांच करती है, इससे ज्यादा अफसोसजनक बात नहीं हो सकती है । आप तो चेयर पर बैठी हैं । महिलाओं और जो एक या सवा साल की नवजात बच्ची है, बेड पर चढ़कर और पैरों से कुचल कर उसकी जान ले ली गई है । इस घटना की किसी अन्य पुलिस या सीबीआई से जांच कराई जाए । उसका परिवार बहुत ज्यादा तकलीफ में है । इमरान और उसके परिवार वालों को भयभीत करने का काम किया जा रहा है । मैं समझता हूं कि यह बहुत ही अफसोसजनक बात है । इस देश के संविधान और एकता के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हो रहा है । इस घटना की सीबीआई से जांच कराई जाए और उसके परिवार को मुआवजा दिया जाए । ऐसे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा भी दर्ज किया जाए ।